# उत्तर प्रदेश जल निगम (ग्रामीण)

कार्यालय अधिशासी अभियन्ता खण्ड कार्यालय

ग्राम-भन्सरिया, पो०-उदयपुर, लखीमपुर-खीरी (उ०प्र०) 262701

पत्रांक 2638 / M-48 / 113 दिनांक 21/8/2026

सेवा में,

मुख्य अभियन्ता (ग्रामीण),
उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण),
लखनऊ।

विषयः—दैनिक भास्कर समाचार पत्र में दिनांक 05.08.2026 को प्रकाशित खबर "लखीमपुर खीरी में 4 साल से अधूरी पानी की टंकी:अछनिया गांव में सडकें बदहाल, ग्रामीणों को नहीं मिला पानी" के सम्बन्ध में आख्या।

महोदय,

उपरोक्त विषयक दैनिक भास्कर समाचार पत्र में दिनांक 05.08.2026 को प्रकाशित खबर "लखीमपुर खीरी में 4 साल से अधूरी पानी की टंकी:अछनिया गांव में सड़कें बदहाल, ग्रामीणों को नहीं मिला पानी" के सम्बन्ध में सादर अवगत कराना है कि जनपद लखीमपुर के कुल 1692 राजस्व ग्रामों में से 139 राजस्व ग्राम पूर्व निर्मित पाइप पेयजल योजनाओं से आच्छादित हैं। अवशेष–1553 राजस्व ग्रामों में जल जीवन मिशन के अन्तर्गत–904 पाइप पेयजल योजना के निर्माण हेतु एजेन्सी मेसर्स एन०सी०सी० लि० एवं मेसर्स वी०टी०एल०–गाजा (जे०वी०) को सूचीबद्ध किया गया है, जिसके अन्तर्गत नलकूप–942 नग, पम्प हाउस –942 नग, वितरण प्रणाली 11534 किमी0, शिरोपरि जलाशय–922 नग, गृह जल संयोजन–564407 नग प्रस्तावित है प्रस्तावित कार्यों के सापेक्ष नलकूप–939 नग, पम्पहाउस–869 नग, वितरण प्रणाली 11519 किमी0, शिरोपरि जलाशय–484 नग, गृह जल संयोजन–547097 नग, कार्य पूर्ण है। जनपद में 1125 ग्रामों में नियमित जलापूर्ति की जा रही है।

समाचार पत्र की खबर विकास खण्ड–बेहजम की ग्राम पंचायत अछनिया से सम्बन्धित हैं। जिसके सम्बन्ध में सादर अवगत कराना है अछनिया पेयजल योजना का कार्य कार्यदायी एजेंसी मेसर्स एन0सी0सी लि0 द्वारा कराया जा रहा है सम्बन्धित जूनियर इंजीनियर श्री आशीष कुमार द्वारा उक्त खबर का संज्ञान लेते हुए ग्राम पंचायत का स्थलीय निरीक्षण किया गया। जिसमें पाया गया कि जल जीवन मिशन के अन्तर्गत वितरण प्रणाली बिछाने हेतु सड़कों को काटा गया था जिन्हें पूर्व में ही मोटरेबल कर दिया गया था परन्तु वर्तमान में जलभराव व बारिश के कारण कुछ स्थानों पर सड़के पुनः क्षतिग्रस्त हो गयी है जिसे अति शीघ्र मरम्मत हेतु फर्म को निर्देशित कर दिया गया है। सतत् अनुश्रवण करते हुए शीघ्र ही सड़क को पुनः मोटरेबल करा दिया जाएगा। योजनान्तर्गत दो मजरों में कार्य प्रस्तावित है जिसमें एक मजरे में नियमित जलापूर्ति चालू है व शेष ग्राम में पाइप लाइन ज्वाइटिंग का कार्य अवशेष होने





Scanned with CamScanner


के कारण जलापूर्ति बाधित है उक्त पाइपलाइन टेस्टिंग व अवशेष कनेक्शन पूर्ण कराने के पश्चात् ग्राम में नियमित रूप से जलापूर्ति संचालित की जायेगी, योजना को मार्च–2027 तक पूर्ण किया जाना लक्षित है।

सादर सूचनार्थ।

(फोटोग्राफ्स)




भवदीय

(मनोज कुमार मौर्य)
अधिशासी अभियन्ता

<u>पृ०सं० एवं दिनांक उपरोक्तानुसार।</u>

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1. अधीक्षण अभियन्ता, मण्डल कार्यालय, उ०प्र० जल निगम (ग्रामीण), लखनऊ।
2. मै० एन०सी०सी०लि० को उक्त अवशेष कार्य शीघ्र ही पूर्ण करवाकर अधोहस्ताक्षरी को अवगत कराने हेतु।

अधिशासी अभियन्ता

g:\rahul\igrs\anand\paper_cutting\bhejam_achnlya_06.08.2026.docx

Scanned with CamScanner